सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति

राजभवन देहरादून 22 फरवरी, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से राजभवन में बुधवार को राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास संस्थान (नाबार्ड), उत्तराखण्ड के मुख्य महाप्रबंधक विनोद कुमार बिष्ट और प्रबंधन निदेशक डॉ. सुमन कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल को नाबार्ड की गतिविधियों और क्रिया–कलापों की जानकारी दी। राज्यपाल ने कहा कि नाबार्ड को ग्रामीण समृद्धि का आधार बनाने का प्रयास किया जाय। उन्होंने कहा कि कलस्टर आधारित कृषि के लिए किसानों को प्रेषित करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने के साथ ही प्राकृतिक जल स्रोतों के संवर्द्धन पर भी विशेष फोकस किया जाय।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बेहतरीन उत्पाद बनाये जा रहे है। उनके उत्पादों की मार्केटिंग, ब्रांडिंग और सप्लाई चेन में नाबार्ड सहयोग करें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक से अधिक लोगों को नाबार्ड द्वारा संचालित योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें लाभान्वित करने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि नाबार्ड के माध्यम से अधिक से अधिक उद्यमियों को तैयार किया जाय ताकि उनसे प्रेरणा लेकर अन्य लोग भी इससे जुडें। इस अवसर पर उन्होंने अन्य जानकारियां भी अधिकारियों से प्राप्त की।

............0............